THIRUVANANTHAPURAM EDUCATIONAL DISTRICT

Third language

HINDI

Standard X **Time: 90 minutes**
Score: 40

सूचना : ' बीरबहूटी ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

पाँचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आ गया। दोनों छठी में आ गए।यह स्कूल पाँचवीं तक ही था। "साहिल अब तुम कहाँ पढ़ोगे? " बेला ने पूछा।"और तुम कहाँ पढ़ोगी बेला ? " साहिल ने पूछा।"मेरे पापा कह रहे थे कि तुझे राजकीय कन्या पाठशाला में पढ़ाएँगे और तुम ? ” "मुझे अगले साल अजमेर भेज देंगे। वहाँ एक हॉस्टल है, घर से दूर वहाँ अकेला रहूँगा।""क्यों साहिल ? " "पता नहीं क्यों।" "तो यानी कि अब तुम फुलेरा में ही नहीं रहोगे? ” "नहीं। तुम्हारा रिपोर्ट कार्ड दिखाना।"

(1) अजमेर में कौन जाता है ? **1**

(क) साहिल (ख) सभी छात्र

(ग) बेला (घ) साहिल और बेला

(2) साहिल और बेला को दूसरे स्कूल क्यों जाना पड़ा ? **2**

(3) कोष्ठक के शब्दों से वाक्य पिरमिड़ की पूर्ति करें। **2**

(अजमेर , अगले साल)

मुझे भेज देंगे।

....

....

पिताजी मुझे अगले साल अजमेर भेज देंगे।

(4) अजमेर में साहिल अकेलापन का अनुभव करता है।इसके बारे में उसने बेला को पत्र लिखा।वह पत्र कल्पना करके लिखें। **4**

(5) कहानी के प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। **4**

सूचना : ' टूटा पहिया ' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और 6 से 10 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

Thiruvananthapuram Educational District

अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी
बड़े–बड़े महारथी
अकेली निहत्थी आवाज़ को
अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें
तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ !

(6) ' **सामना करना** ' इस अर्थ में कविता में प्रयुक्त शब्द कौन –सा है ? **1**

(7) कवितांश के आधार पर किसका पक्ष असत्य है ? **1**

(क) अकेली आवाज़ का (ख) निहत्थी आवाज़ का
(ग) बड़े–बड़े महारथी का (घ) अभिमन्यु का

(8) बड़े–बड़े महारथी क्या करना चाहते हैं ? **2**

(9) निम्नलिखित आशयवाली पंक्तियाँ कविता से चुनकर लिखें। **2**

टूटा पहिया निरायुध के हाथों में रहकर शत्रुओं का सामना करता है।

(10) कवितांश का आशय लिखें। **4**

सूचना : ' हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ' टिप्पणी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 11 से 14 तक के उत्तर लिखें।

यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते। सड़क पर घायल पड़े अपरिचित व्यक्ति को देखकर क्या हम कह सकते हैं कि उसे हम नहीं जानते ? वास्तव में हम जानते हैं कि यह व्यक्ति मुसीबत में है और उसे हमारी मदद की ज़रूरत है।

(11) नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें। **1**

हताशा से एक आदमी बैठता था।	हताशा से एक आदमी बैठा करता था।
हताशा से एक औरत बैठती थी।	....

(12) 'अपरिचित व्यक्ति' इसमें विशेषण शब्द है -------। **1**

(13) जानने का असली आधार क्या है ? **2**

Thiruvananthapuram Educational District

(14) सही मिलान करें। **4**

सड़क पर घायल पड़े व्यक्ति को	घायल व्यक्ति मुसीबत में है।
हम जानते हैं कि	सहायता की ज़रूरत है।
किसी व्यक्ति को जानने का मतलब	हमारा कर्तव्य है।
हताश व्यक्तियों की सहायता करना	उसकी हताशा, निराशा और संकट को जानना है।

सूचना– निम्नलिखित खंड पढ़ें और 15से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गाँव के स्कूल में मेरा एक साथी था– मोरपाल। वही मोरपाल जिसने एक बार हमारे अंग्रेज़ी के मास्टर तिवारी जी को look का मतलब और सही हिज्जे पूछे जाने पर बताया था, "एल डबल ओ के लुक, लुक यानी लुक– लुक के देखना।" नाम का पहला अक्षर मिलने की वजह से क्लास की दरीपट्टी पर हमारी बैठने की जगहें भी साथ ही थीं। वही मोरपाल जिसकी मेरे खाने के डिब्बे में राजमा देखते ही बाँछें खिल जाती थीं। हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला– बदली का। यानी मेरे टिफ़िन के राजमा–चावल उसके और उसके घर से आया बड़ा–सा छाछ का डिब्बा मेरा। उसे पता था कि छाछ मेरी कमज़ोरी है।

(15) मिहिर की कमज़ोरी क्या थी ? **1**

(रोटी–दाल, छाछ, राजमा–चावल, दूध)

(16) **'उसके'** में निहित सर्वनाम है –––– **1**

(यह, वह,ये, वे)

(17) मिहिर और मोरपाल के बीच का सौदा क्या था ? **2**

(18) **' प्रसन्न होना '** – इस अर्थ में प्रयुक्त शब्द उपर्युक्त खंड से चुनकर लिखें। **1**

(19) मोरपाल के साथ तय किए गए सौदे के बारे में मिहिर अपनी डायरी में लिखने लगा। वह **डायरी** कल्पना करके लिखें। **4**

Thiruvananthapuram Educational District